श्री बंशीधर नगर, सोमवार
02.12.2024
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष द्वितीया संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 99

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:20 बजे
अस्त - 05:08 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 13 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

20वीं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी सम्मानित » पेज 03
जय शाह बने आईसीसी के चेयरमैन : पेज 04

## सुविचार

लोग दिये को सिर्फ अंधेरे में ही याद करते हैं, इसलिए अगर आपको भी कोई सिर्फ जरूरत पड़ने पर याद करे तो नाराज न हों!

## न्यूज अपडेट्स

### माणिक लाल हेंब्रम बने झारखंड विस के नये सचिव

**रांची।** माणिक लाल हेंब्रम को झारखंड विधानसभा का सचिव नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार माणिक लाल हेंब्रम 01 दिसंबर से अगले आदेश तक झारखंड विधानसभा के सचिव के पद पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि माणिक लाल हेंब्रम झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव थे।

### बंगाल बॉर्डर पर आलू रोकने के मामले में मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान



**रांची।** बंगाल बॉर्डर पर 30 नवंबर को आलू के वाहन रोकने की खबरों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव से तत्काल मामले में निष्पादन करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर मामले का निष्पादन के लिये बात की है। मनोज पंत ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही एक कमेटी बनाकर आलू के मामले का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा।

**सियासत** प्रदेश भाजपा की दो दिवसीय समीक्षा बैठक में हार के कई कारण उजागर

# प्रदेश संगठन में बड़े फेरबदल की संभावना

बंशीधर न्यूज



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने दो दिनों तक विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा की। रविवार को समीक्षा बैठक के दौरान जो बातें निकल कर सामने आई हैं अब उसे आलाकमान को अवगत कराया जाएगा। तीन दिसंबर को दिल्ली में प्रदेश नेताओं संग बैठक होगी। यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। इस बैठक में संगठन के आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही प्रदेश संगठन में बड़े फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि झारखंड भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर संगठन मंत्री और जिलाध्यक्ष सहित कई जिलों के प्रभारियों को भी बदला जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि इस बार के चुनाव में भाजपा 21 सीट पर ही विजयी हुई। संताल में 18 सीटों में से 17 सीटें पर शिकस्त झेलनी पड़ी।

समीक्षा बैठक के दौरान कई नेताओं ने दो टूक कहा कि चुनाव में स्थानीय मुद्दों की अनदेखी की गई। बाहरी नेताओं को टिकट देना भी हार का कारण बना। वहीं, प्रमंडलीय प्रभारियों ने भी कोई कारगर कदम नहीं उठाया। टॉप लीडर तक स्थानीय समस्याओं को भी सही तरीके से नहीं पहुंचाया गया। बैठक में प्रमंडल स्तर के नेताओं की भूमिका पर सवाल खड़े किए गए। वहीं, बूथ से जिला स्तर के संगठन, कई जिलाध्यक्षों और प्रभारियों पर भी सवाल खड़े किए गए।

कई नेताओं ने कहा कि प्रमंडल प्रभारियों की भी भूमिका संदिग्ध रही। नेताओं ने यह भी कहा कि जिन्हें टिकट नहीं मिला वे जुगाड़ से प्रभारी बन गए लेकिन किसी भी प्रमंडल में भाजपा उम्मीदवारों को आपेक्षित जीत नहीं मिली। भाजपा ने अपने संगठन के छह प्रमंडलों में कोल्हान के लिए आदित्य साहू, दक्षिणी छोटानागपुर के लिए गणेश मिश्र, पलामू के लिए विकास प्रीतम, धनबाद के लिए प्रदीप वर्मा, हजारीबाग के लिए



मनोज सिंह और संताल के लिए बालमुकुंद सहाय को प्रभारी बनाया गया था। समीक्षा बैठक में शामिल नेताओं ने कहा कि अब कठोर कदम उठाने की जरूरत है। इस पर चिंतन और मंथन करने की जरूरत है। प्रभारियों की ओर से चुनाव के दौरान सिर्फ खानापूर्ति की गई। वे एसी रूम तक ही सिमटे रहे। उन्होंने भ्रमण करने के अलावा कुछ भी नहीं किया। नेताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान पदाधिकारियों और कार्यकताओं के बीच समन्वय का अभाव रहा। बागियों ने भी भाजपा को नुकसान पहुंचाया। साथ ही नेताओं ने यह भी मांग किया कि झारखंड में दलित और आदिवासी का कोई क्रांतिकारी नेता होना चाहिए, जो आदिवासी वोटों को एकजुट कर सके। बैठक में सदस्यता अभियान शुरू करने पर भी चर्चा की गई। प्रदेश नेताओं ने कहा कि सभी खामियों को दूर किया जाएगा। इससे जनता की मजबूत आवाज बन सकेंगे। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय सहित जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी मौजूद थे।

## रांची में बदमाशों ने कंस्ट्रक्शन साइट में की आगजनी, वाहन फूंका

बंशीधर न्यूज




**रांची।** शहर के ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटार स्थित श्रीराम कंस्ट्रक्शन के साइट पर अज्ञात अपराधियों ने शनिवार की देर रात आगजनी और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। चार से पांच की संख्या में आए अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की और फिर एक वाहन को फूंक दिया।

आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। आगजनी की घटना को किस गिरोह के जरिये अंजाम दिया गया है यह अबतक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में रविवार को ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि कंस्ट्रक्शन साइट पर आगजनी की घटना को अज्ञात अपराधियों ने अंजाम दिया है। साइट पर मौजूद एक वाहन को अपराधियों ने आग लगा दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## रांची में मिला दुर्लभ प्रजाति का तक्षक सांप



**रांची।** नामकुम स्थित आरसीएच कार्यालय में दवा के कार्टून के अंदर से ओरनेट फ्लाईंग स्नेक (तक्षक नाग) को रेस्क्यू किया गया। इसे पिठोरिया निवासी स्नेक रेस्क्यूवर रमेश कुमार महतो ने किया। महतो ने रविवार को बताया कि सांप लगभग 3 फीट का था। रमेश ने बताया कि यह सांप दुर्लभ प्रजाति का है और झारखंड में पहली बार इसे रेस्क्यू किया गया है। यह सांप ज्यादातर पठारी क्षेत्र के झाड़ीनुमा जगहों पर पाया जाता है। यह सांप 100 फीट ऊपर से नीचे जंप कर सकता है। यह जमीन में बहुत कम आता है। अधिकतर यह पेंड़ पर ही रहता है। इसका भोजन मुख्य रूप से छिपकली एवं कीड़े-मकौड़े हैं। यह सांप विलुप्ति के कगार पर है। यह भारत में रेयर कैटेगरी में आता है। इस सांप के जेनेटिक के बारे में रिसर्च होगा। इसलिए इसे बिरसा जैविक उद्यान को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

**बांग्लादेश से चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई हो : विहिप**

# बांग्लामुखी हनुमान मंदिर में विरोध प्रदर्शन




**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के तत्वावधान में रांची के रेलवे स्टेशन, बांग्लामुखी हनुमान मंदिर में विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बांग्लादेश प्रशासन के जरिये वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त करते हुए उसे वहां के प्रशासन की कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना बताया है। बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि बांग्लादेश तत्कालीन सरकार के इस कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध करती है। इस्कॉन संस्थान और हिंदू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने बांग्लादेशी हिन्दु उत्पीडन के विरोध में जितनी भी कार्यवाहियां की हैं, सभी लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। इस प्रकार के पूर्ण शांतिप्रिय और लोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्त्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं, इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक है, अमानवीय है और हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। इस अवसर पर विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि हम प्रारंभ से ही मांग कर रहे हैं कि बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी, इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी जैसी रोक लगानी चाहिए थी। ऐसी रोक नहीं लगाई है। विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व समुदाय से यह अपेक्षा करती है कि वहां पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गंभीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए, सुरक्षा की जाए।

## प्रजनन दर में गिरावट चिंताजनक : डॉ. मोहन भागवत



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने जनसंख्या वृद्धि दर (प्रजनन दर) में गिरावट पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि घटती जनसंख्या दर चिंता का विषय है। जनसांख्यिकी के नियमों के मुताबिक जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। नागपुर में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि आधुनिक जनसंख्या विज्ञान के अनुसार जब किसी समाज की संख्या वृद्धि (प्रजनन दर) 2.1 से कम हो जाती है तो वह समाज संसार से विलुप्त हो जाता है। यदि उस समाज पर कोई संकट न आये तो भी वह समाज विलुप्त हो जाता है। इस प्रकार अनेक भाषाएँ, अनेक समाज नष्ट हो गये। उन्होंने कहा कि इसलिए जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। हमारे देश ने जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तैयार की थी। इसमें कहा गया है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। यदि हम 2.1 जनसंख्या वृद्धि दर पर विचार करें, तो हमें दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है। तीन तो होने ही चाहिए। जनसंख्या विज्ञान यही कहता है। भागवत ने कहा कि समाज के जीवित रहने के लिए संख्याएं महत्वपूर्ण हैं।

# होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर में हुआ पारण परेड समारोह, प्रशिक्षु होमगार्ड को दी गई विदाई



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड अंतर्गत चियाकी होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर में रविवार को होमगार्ड का सफल प्रशिक्षण के बाद पारण परेड समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अभियान एसपी राकेश सिंह, जिला समादेष्टा पलामू दीपक कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी राजू रंजन, निरीक्षक पलामू अनुज कुमार झा, निरीक्षक गढ़वा राजीव गौरव, कंपनी कमांडर रोहित कुमार व जावेद इकबाल अंसारी तथा अनुदेशक हवलदार धनंजय कुमार मेहता मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने प्रशिक्षु होमगार्ड को पारण परेड समारोह एवं उनके कार्य प्रणाली को धरातल पर उतारने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज जो होमगार्ड प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं, उसे अपनी मातृभूमि व देशहित के लिये ईमानदारीपूर्वक कर्तव्य निभाने की जरूरत है। जिला समादेष्टा दीपक कुमार ने कहा कि विगत 63 दिनों से चल रहे प्रशिक्षण के दौरान आपने जो शिक्षा प्राप्त की है वह अपने जिला में जाकर कर्तव्य परायणता के साथ निभाएं। मौके पर अनुदेशक हवलदार धनंजय मेहता को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं होमगार्ड जवान जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया उन्हें प्रोत्साहन एवं प्रशासनिक पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में होमगार्ड महिला बाल पल्लवी, कुमारी चांदनी, कुमारी पूनम, सीमा कुमारी, तुलसी यादव, जयदेव कुमार, संजय दुबे, अखिलेश पाठक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### न्यूज अपडेट्स

## प्रशांत सिंह व उनके साथियों की मनी पांचवीं पुण्यतिथि

**भवनाथपुर :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही के आवास में दिवंगत प्रशांत सिंह सहित उनके चार साथियों की पांचवी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के नगवा ब्लॉक प्रमुख सह भाजपा नेता स्व प्रशांत सिंह, सोनभद्र जिले के शक्ति नगर निवासी चैतन्य गिरी, बिहार के रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के भीसड़ा गांव निवासी उमा सिंह एवं हरिहरपुर निवासी प्रशांत कुमार उर्फ टिंकू सिंह का पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर सभी पांचों दिवंगत आत्माओं के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान स्व प्रशांत सिंह के छोटे भाई प्रवीण सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ो गरीब असहाय महिला पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि स्व प्रशांत सिंह एक कुशल संगठनकर्ता, मृदुभाषी व हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी कमी हमसभी को हमेशा महसूस होते रहेगा। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वे एक एक कार्यकर्ता के दिलो में बसते हैं, परंतु दु:ख कितना भी बड़ा क्यों ना हो धैर्य और संतुलन रखिये समय आपको हारने नहीं देगा। सोना किशोर यादव ने कहा कि प्रशांत सिंह अपने सरल मृदुभाषी व्यवहार के कारण आज भी कार्यकताओं के दिल दिमाग में बसे हुये हैं। इंद्रदेव बैठा ने कहा कि प्रशांत सिंह और उनके चार साथियों की यादें हमेशा हम सबों के लिये प्रेरणा का काम करते रहेगा। इनके सपनों को हकीकत में बदलने का प्रयास जारी रहेगा। मौके पर मृतुन्जय तिवारी, मनोज पहाड़िया, राजीव रंजन तिवारी, अनिल चौबे, गोरख मेहता, कुमार कनिष्क, विजयालक्ष्मी देवी, मनोज सिंह, कृपाल सिंह, मृतुन्जय तिवारी, विभूति चौबे, राजेश बैठा, संध्याकर विश्वकर्मा, राजा सिंह, श्रवण चंद्रवंशी, घनश्याम शुक्ला, जितेन्द्र यादव, संजय यादव, लक्ष्मण राम, मोहन पासवान, बलजीत सोनी, जोखू सिंह, शंकर चंद्रवंशी, कृष्णा विश्वकर्मा, जीतेन्द्र दीक्षित, आनंद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

**समारोह** मेराल थाना परिसर में समारोह का आयोजन

# सेवानिवृत्त एसआई व कर्मी को दी गई विदाई

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** मेराल थाना परिसर में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन कुमार पांडेय एवं चौकीदार निर्मल राम को फूलमाला एवं उपहार देकर तथा सीएचसी में लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार को भावपूर्ण विदाई दी गई। थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद ने कहा कि आज के परिवेश में बेदाग सेवानिवृत्ति होना बड़ी बात है। उन्होंने श्री पांडेय के कार्यकाल की सराहना करते हुये कहा कि एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस पदाधिकारी के रूप में काम करते हुये आज सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने उन्हें दीघार्यु होने की कामना की। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि निरंजन कुमार पांडेय का कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा। इन्होंने जहां अपनी जिम्मेदारी का शत प्रतिशत निर्वहन किया। वहीं अपने अनुभव से अन्य लोगों का मार्गदर्शन भी करते रहे। सेवानिवृत निरंजन पांडेय ने कहा कि एकीकृत बिहार के दौरान 1986 में आरक्षी के पद पर बहाल हुआ तब उनका वेतन मात्र 450 रुपये प्रति माह था। समय के साथ चुनौतियां भी बदलती रहती हैं जिसका सामना करने के लिये पुलिस को हमेशा तैयार रहना चाहिये। श्री पांडेय ने कहा कि पुलिस डिपार्टमेंट में गम खाना और कम खाना ज्यादा लाभकारी होता है। उन्होंने जिम्मेदारी के साथ साथ सीनियर के आदेश का पालन करना मूल मंत्र बताया। विदाई समारोह में एसआई दीपक कुमार, अरविंद साह, संजय सिंह, प्रेम प्रकाश पांडेय, एएसआई नितेश कुमार, आशीर्वाद महतो, जय ललिता कुमारी, रबुल अंसारी, कुमार अखिलेश, तिलेश्वर गंझु, आशुतोष महतो, चेतलाल महतो, जितेंद्र कुमार पासवान, आरक्षी राजीव दुबे, सविता कुमारी, जयंती कुमारी, समाजसेवी पिंटू सिंह, सुमन तिवारी, उदय सिंह छोटेलाल मेहता सहित थाना परिवार के साथ कई अन्य लोग शामिल थे। इधर सीएचसी में 12 वर्षों से सेवा दे रहे लैब टेक्नीशियन सेवानिवृत विनोद कुमार को हॉस्पिटल परिवार द्वारा सम्मान के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई।

## फूल-काव्य गजल संग्रह का लोकार्पण

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** स्थानीय कवि और उपन्यासकार सुरेन्द्र चंद्रवंशी सचेत की नई पुस्तक कचनार के फूल-काव्य - गजल संग्रह का लोकार्पण लौह नगरी टाटा के प्रसिद्ध तुलसी भवन में अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन सामारोह में किया गया। इस अवसर पर सांझा संकलन पुस्तक आये अवध श्रीराम-स्मारिका का भी लोकार्पण मुख्य अतिथि लोकप्रिय साहित्यकार डा संजय पंकज, राम निवास शुक्ल प्रभारी मंत्री, सम्मानित अतिथि प्रमुख संपादक प्रभात खबर संजय मिश्रा, डा प्रसेनजीत तिवारी, विधायक सरयू राय के करकमलों द्वारा किया गया। इस सांझा संकलन में झारखंड के लगभग एक सौ कवियों और साहित्यकारों की रचना के साथ सुरेन्द्र चंद्रवंशी सचेत की राम पर आधारित कविता-श्रीराम मंत्र को शामिल किया गया है। श्री चंद्रवंशी की इस नई पुस्तक कचनार के फूल काव्य गजल संग्रह का प्रकाशन मुंबई की प्रसिद्ध शब्दगाथा मीडिया पब्लिकेशन के द्वारा एक सप्ताह पूर्व की गई है। इससे पहले भी श्री चंद्रवंशी की दो कविता की पुस्तक - धूप छांव काव्य प्रवाह, यादों का पिटारा काव्य रसधारा,ह्व और एक उपन्यास पश्चाताप का प्रकाशन बीएफसी पब्लिकेशन लखनऊ के द्वारा प्रकाशित हो चुका है। मौके पर लोकप्रिय साहित्यकार डा संजय पंकज ने कहा कि सुरेन्द्र चंद्रवंशी सचेत द्वारा अपनी पुस्तक का नाम कचनार के फूल रखना बहुत ही सुंदर प्रयास है, जो सीधे जनमानस के दिल को छुता है। संजय मिश्रा ने कहा कि इस पुस्तक में जो कविता और गजल का संकलन किया गया है वह पाठक वर्ग के अंर्तमन को छुने वाला है। मौके पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष डा अरूण सज्जन, उपाध्यक्षा डा संगीता नाथ, डा आशा गुप्ता, डां मिनाक्षी कर्ण, रेखा कुमारी, अशोक सिंह सहित बड़ी संख्या में कवि और साहित्यकार उपस्थित थे।

## पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोपी को किया गिरफ्तार



**धुरकी :** पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी सकेन्द्र राम को गढ़वा से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वह थाना क्षेत्र के गनियारी कला का रहने वाला है।नाबालिग लड़की के भाई गनियारी कला के द्वारा गांव के ही सकेन्द्र राम के विरुद्ध थाने में मामला दर्ज कराया गया था।

## सीएम हेमंत और कल्पना से मिलकर जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने दी बधाई



**मेदिनीनगर :** झारखंड में नई सरकार गठन व सीएम हेमंत सोरेन के चौथी बार मुख्यमंत्री बनने पर पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह ने उनसे मिलकर बधाई दी। साथ ही उन्हें बुके प्रदान किया। श्री सिंह ने सीएम की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन को भी बधाई दी। झामुमो नेता श्री सिंह ने कहा कि एक बार फिर से सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लोकप्रिय सरकार का गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सरकार बराबर गरीबों के हित में काम करते रही है। यही कारण है कि झारखंड की जनता ने अपार स्नेह व समर्थन दिखाते हुये भारी बहुमत से जीत दिलाई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पलामू की जनसमस्याओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीरता पूर्वक से संज्ञान में लेते हुये उसके समाधान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह हुसैनाबाद क्षेत्र से संबंधित प्रमुख समस्याएं उनके समक्ष रखीं। इन समस्याओं में सड़क, बिजली और पानी की आपूर्ति के मुद्दे मुख्य रूप से शामिल थे। साथ ही उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की परेशानियों और बुनियादी सुविधाओं की कमी की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। मिलने का उद्देश्य क्षेत्र के विकास कार्यों को तेज करना और लंबित परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा कराना था। मुख्यमंत्री ने इन मुद्दों पर विचार करने और समाधान के लिये उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## ओबीसी को अधिकार दिलाने तक जारी रहेगी लड़ाई : बीडी प्रसाद



**विश्रामपुर :** पूर्व विस प्रत्याशी ब्रम्हदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद ने विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित कार्यालय में क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक कर चुनाव की समीक्षा की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुये कहा कि ओबीसी को जबतक उनका हक अधिकार नहीं मिल जाता है, तबतक उनकी लड़ाई जारी रहेगी। समीक्षा बैठक में न सिर्फ बीते विधानसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा की गई। बल्कि आगामी विस चुनाव पर चर्चा कर आगे की रणनीति भी तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुये ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ₹लक्ष्य की प्राप्ति के लिये लंबा सफर तय करना होगा। हमारा उद्देश्य सिर्फ विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि ओबीसी को उनकी पहचान और अधिकार दिलाने का है।₹ उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य चुनाव लड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के दबे-कुचले वर्गों को उनका हक अधिकार दिलाना है। उन्होंने झारखंड में ओबीसी समुदाय के लिये किये गये प्रयासों को रेखांकित करते हुये कहा, झारखंड में ओबीसी के अधिकारों के संघर्ष में बीडी प्रसाद का नाम सबसे पहले आता है। चाहे वह बीजेपी हो, कांग्रेस हो या राजद किसी भी पार्टी ने हमारे आंदोलन का विरोध नहीं किया। प्रसाद ने संगठन के कार्यकताओं को परिवार का हिस्सा बताते हुये कहा कि वे संगठन की रीढ़ की हड्डी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ ओबीसी समुदाय के हित सर्वोपरि हैं। बैठक में गोकुल बसंत, शत्रुघ्न कुमार शत्रु, गिरजानंद विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, अजय राम, अरुण गुप्ता, सुरेंद्र भारती, आनंद विश्वकर्मा, लक्ष्मी साव, चंदन चंद्रवंशी, बालमुकुंद राम, रेखा देवी, चंदन कुमार, दीपक यादव, संजीत कुमार, हीरा प्रसाद, अखिलेश राम, राधेश्याम प्रसाद, सुनील यादव, धर्मेंद्र कुमार, श्याम लाल राम, विजय कमलापुरी, राज कुमार गुप्ता, प्रदीप प्रसाद, दिलीप कुमार पासवान, बसंत राम चंद्रवंशी, दिलीप पाल, रमेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अखिलेश रजवार, उपेंद्र पाल, मनोज यादव समेत कई लोग शामिल हुये।

## सांसद वीडी राम ने दिखायी हरी झंडी, कहा-मिलेगी आवागमन की सुविधा

# बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन प्रारंभ

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 05653/03654 का परिचालन का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। कोविड-19 के दौरान उक्त पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी। आज पुनः इस ट्रेन के प्रारंभ होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर ऊंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन सुगम होगी। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी। मौके पर धनबाद मंडल रेलवे एडीआरएम विनीत कुमार, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ नेता मुरारी पांडेय, किशोर पाण्डेय, ईश्वरी पाण्डेय, शिव कुमार मिश्रा, संजय गुप्ता, शशि भूषण पांडेय, अनिल कुमार, संजय कुमार, भोला पांडेय, मनीष कुमार, सुशील सिंह, राघवेन्द्र तिवारी , आनंद सिंह एवं रेलवे पदाधिकारी मनोहर लाल, अनिल कुमार तिवारी, विकास कुमार, स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, राजीव रंजन सिंह, वैसी मानडी, संजय पासवान, बीरबल प्रजापति, अनिल कुमार एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष मिश्रा ने किया।



# सैलानियों को आकर्षित कर रहा है सुखलदरी पर्यटन स्थल

**बंशीधर न्यूज**

**धुरकी :** गढ़वा जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर एवं धुरकी प्रखंड मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर कनहर नदी स्थित सुखलदरी जलप्रपात नये साल पर सैलानियों से गुलजार है। यहां की प्राकृतिक छटा व शुद्ध पर्यावरण तथा मनोरम दृश्य को देखने के लिये झारखंड के कोने कोने के साथ साथ छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार के पर्यटक सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। यहां पहुंचने के बाद ऊंचे-ऊंचे पर्वतों और हरे-भरे जंगलों के बीच सुखलदरी जलप्रपात की खूबसूरती देखते ही बनती है। दरअसल मनमोहक दृश्य से आकर्षित लोग घंटों देर बैठकर निहारते रहते हैं। करीब 100 फीट की ऊंचाई से यहां झरना गिरता है। तब वहां का दृश्य देखते ही बनता है। वहीं झरना गिरते वक्त बिल्कुल सफेद फुहारा झाझ बनकर उपर उड़ती है। इस जलप्रपात की खासियत यह है कि इसके आसपास काफी क्षेत्र में फैले पत्थर व बालू के रेत को देखते ही पर्यटक पिकनिक मनाने के लिये उपयुक्त मानते हैं। नये साल पर बड़ी संख्या में यहां पर्यटक पहुंचते हैं। सैलानी न सिर्फ सेल्फी लेते दिखते हैं, बल्कि अपने-अपने मोबाईल और कैमरे से मनमोहक दृश्य को कैद भी करते देखे जाते हैं। सुखलदरी जलप्रपात के पास एक मंदिर भी है, जो पहाड़ों पर स्थित है। पर्यटन विभाग के द्वारा एक गेस्ट हाउस का निर्माण कराया गया है। यहां से नीचे उतरने और सुखलदरी जलप्रपात का झरना को देखने के लिये सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। दिसंबर और जनवरी महीने में हर वर्ष पर्यटकों की काफी भीड़ होती है। लोग सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। नये साल पर लोगों की भीड़ को देखते हुये सुखलदरी जलप्रपात पर सुरक्षा को लेकर पुलिस व मजिस्ट्रेट की भी तैनाती होती है। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर 14 जनवरी को मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें आसपास के लोग लगभग 50 हजार की संख्या में जुटते हैं। पर्यटक को श्री बंशीधर नगर तक ट्रेन के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। वहां से 30 किलोमीटर ऑटो या निजी वाहन से यहां तक पहुंचा जा सकता है। यहां पहुंचने वाले सैलानी खाने-पीने के लिये सामान स्वयं लेकर पहुंचते हैं। वहीं धुरकी प्रखंड से करीब 15 किलोमीटर दूर पनघटवा डैम भी सैलानियों के लिये काफी मनमोहक है। डैम के चारों तरफ हरा-भरा एवं दूर तक फैला पानी सैलानियों का मन मोह लेता है। इस डैम में तरह-तरह के पक्षी देखने को मिलते हैं। लोग यहां नौका विहार का भी लुफ्त उठाते हैं। इस डैम तक अपने निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है।

## न्यूज अपडेट्स

### धारदार हथियार से गला काटा

**सतबरवा :** थाना क्षेत्र के हलुमाड़ में एक रिटायर्ड शिक्षक की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। स्निफर डॉग के माध्यम से अपराधियों का सुराग ढूंढा जा रहा है। मृतक की पहचान हलुमाड़ के रहने वाले परीक्षण सिंह के रूप में हुई। परीक्षण सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक थे और 2009 में मनिका विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके थे। साथ ही वह पंचायत चुनाव और जिला परिषद का चुनाव भी लड़ चुके थे। रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान ग्रामीणों ने सतबरवा थाना क्षेत्र के हलुमाड़ में देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी मृत रिटायर्ड शिक्षक के परिजन और सतबरवा थाना को दी। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। इधर घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये हैं। घटनास्थल से टॉर्च और अन्य सामग्री बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। स्निफर डॉग की मदद से अपराधियों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धारदार हथियार से गला काटा गया हैं वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि परीक्षण सिंह काफी सौम्य व्यवहार वाले व्यक्ति थे। रिटायर होने के बाद 2009 में उन्होंने मनिका से विधानसभा चुनाव लड़ा था। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार प्रतिदिन लगभग 4:30 बजे शिक्षक श्री सिंह टार्च व लोटा लेकर शौच करने जाते थे, शौच से निवृत हो, हाथ पैर धोकर मंदिर में लगे लाउडस्पीकर को बजा देते थे। यह प्रति दिन की दिनचर्या में शामिल था।

**प्रतियोगिता** ▶ 20वीं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी सम्मानित

# विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास जरूरी : अलखनाथ पांडेय

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में 20 वीं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को रविवार को शहर के आरकेवीएस संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का उद्घाटन जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सचिव मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, सुशील केशरी, संजय सोनी ने दीप जलाकर किया।



मौके पर समिति के अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि आज के परिवेश में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। आज का युग कंपटीशन का है। समिति का उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभाओं की खोज कर उन प्रतिभाओं को बेहतर भविष्य के लिये उन्हें अवसर प्रदान करना है। इस परीक्षा से जिले के बहुत से प्रतिभागियों ने बेहतर कर आज देश के विभिन्न संस्थानों में अपनी सेवा दे रहे हैं। अभिभावक को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों को पढ़ने के लिये जो भी सामग्री की आवश्यकता है उसे अभिभावक अवश्य उपलब्ध करायें। बच्चों को मोबाईल से दूर रखें। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पूरे जिले से लगभग 3000 बच्चे शामिल हुये थे। परीक्षा पूरी तरीके से निष्पक्ष संपन्न कराया गया और आज परीक्षा में सफल होने वाले लोगों को सम्मानित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को संपन्न कराने में जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के लोगों ने काफी मदद की है। सचिव ने कहा कि प्रतियोगिता को चार ग्रुप में आयोजित किया गया था। ग्रुप ए में वर्ग तीन से चार, ग्रुप बी में वर्ग पांच से छह, ग्रुप सी में वर्ग सात से आठ और ग्रुप डी में वर्ग 9 और 10 के बच्चे शामिल हुये थे। सिस्टर रोशन ने कहा कि आज के कंपटीशन के दौर में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा जैसे जिले में बहुत ही आवश्यक है। इस दौरान अभिभावक मुकेश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, सह कोषाध्यक्ष संजय सोनी ने संबोधित किया।

### ये हुये सफल

ग्रुप ए में शांति निवास हाईस्कूल के दिव्यशक्ति पांडेय, अंशिका दुबे और परिधि झा ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में शांति निवास हाईस्कूल की दिव्या कुमारी और सुप्रिया रानी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की सोनाक्षी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में शांति निवास हाईस्कूल की सृष्टि पाठक, चाहत कुमारी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की भव्य प्रकाश और शांति निवास हाईस्कूल की रुनझुन कुमारी को पुरस्कृत किया गया। ग्रुप डी में शांति निवास के शिवम कुमार को प्रथम, प्रिंस कुमार को द्वितीय धीरज कुमार, आदित्य कुमार पांडेय और आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की साक्षी कुमारी को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि प्रखंड स्तर पर टॉप छात्रों में मझिआंव प्रखंड से आरके पब्लिक स्कूल के अहनान जफर, चिनिया प्रखंड के हाईस्कूल के राधिका कुमारी, रंका प्रखंड के आदर्श बाल विकास विद्यालय के समर्थ सोनी, मेराल प्रखंड के एस मेमोरियल स्कूल के शाहीद राजा अंसारी, विशनपुरा प्रखंड के बाल शिक्षा निकेतन के आयुष कुमार चंद्रवंशी, नगर ऊंटारी आरके पब्लिक स्कूल के पार्थ कुमार और डडई प्रखंड के आईडियल पब्लिक स्कूल के फैजान अफसर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में ये भी थे मौजूद

मौके पर समन्वय समिति के मोजीबुद्दीन खान, जिला शिक्षा निकेतन के निदेशक अनिल विश्वकर्मा, बाल विकास विद्यालय के निदेशक भोला नाथ साहू, बाल शिक्षा निकेतन के रामेश्वर राम, यासीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार दुबे और धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार विश्वकर्मा ने किया।

## हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी के तहत उपभोक्ताओं को दी गई जानकारी

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी थीम के तहत रविवार को ब्लू बर्ड होटल में कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाशंकर दुबे व संचालन इंद्रदेव राम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही



सुरक्षित एलपीजी उपयोग प्रथाओं का पालन करते हुये कुकिंग कौशल का प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में ललन पासवान ने उपस्थित लोगों को एलपीजी सुरक्षा व उपभोक्ताओं द्वारा इसके पालन की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में बताया गया कि सिलेंडर जब उपयोग में ना हो तो रेगुलेटर बंद कर देना चाहिये। हमेशा अपने गैस स्टोव को एक ऊंचे प्लेटफार्म पर और सिलेंडर के स्तर से ऊपर रखना चाहिये। ताकि दुर्घटना काम हो सके। उन्होंने कहा कि सिलेंडर प्राप्त करते समय वजन और हिसाब की जांच निश्चित रूप से करना चाहिये। हर 5 साल में अपने एलजी इंस्टॉलेशन की अधिकृत मैकेनिक से जांच भी करवानी चाहिये। अगर एलपीजी की गैस आती है तो तुरंत रेडिएटर बंद कर देना चाहिये। साथ ही इलेक्ट्रिकल या बैटरी से चलने वाले उपकरणों को छूने से बचना चाहिये। विशेष परिस्थिति में 1906 पर कॉल करके तत्काल सूचना देनी चाहिये। ताकि सभी लोग दुर्घटना से बच सकें। मौके पर मनोज कुमार सिंह, प्रमोद सिंह, अमित सिंह, अजय पासवान, अभिषेक कुमार, उमाकांत जायसवाल, रमेश साहू, गंगा प्रसाद समेत काफी संख्या में गैस एजेंसी प्रबंधक मौजूद थे।

## सीओ व थानेदार ने बांटे कंबल व राशन



**मेराल :** सीओ यशवंत नायक ने रविवार को थाना प्रभारी विष्णुकांत के साथ प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड रेलवे लाईन किनारे झोपड़ी लगाकर रह रहे मुसहर परिवार के बीच कंबल व राशन का वितरण किया। ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुये सीओ ने असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल, 10-10 किलोग्राम चावल, आलू व अन्य सामग्री का वितरण कर मानवता का परिचय दिया है। उस मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार, स्थानीय मुखिया पति मुन्ना राम, मुखिया रामसागर महतो तथा अन्य कई लोग थे।

**23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से**

## प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि आठ दिसंबर

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर रविवार को सोनपुरवा स्थित आरकेवीएस में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 14 दिसंबर से 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू करने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुये समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित की जायेगी। जूनियर वर्ग में वर्ग आठ तक के छात्र भाग ले सकते हैं। वहीं सीनियर



वर्ग में दसवीं तक के छात्र शामिल हो सकते हैं। बालिका वर्ग में दसवीं तक की छात्रायें शामिल हो सकती हैं। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि आठ दिसंबर रखा गया है। प्रवेश शुल्क 3500 रखा गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले टीम अपने पंद्रह सदस्यीय टीम के खिलाड़ियों का दो फोटो, आधार कार्ड, विद्यालय का बोनाफाईड प्रमाण पत्र, यूडायशस कोड की छाया प्रति के साथ प्रतियोगिता के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी और ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जमा कर सकते हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिये विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक कमेटी का प्रमुख नंदकुमार गुप्ता एवं सदस्य अशोक कुमार दुबे और मुजीबउद्दीन खान को बनाया गया। विशेष जानकारी के लिये संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे के मोबाईल 9304168422 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को आगे लाने और खेल का विकास करने के उद्देश्य से वर्ष 2000 में प्रतियोगिता शुरू किया गया। आज यह प्रतियोगिता 23 वें वर्ष में प्रवेश कर गया। यह राज्य का सबसे बड़ा प्रतियोगिता हो गया है। प्रतियोगिता की शुरूआत 14 दिसंबर से होगी। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के खिलाड़ी जिला का प्रतिनिधित्व लगातार कर रहे हैं। पलामू प्रमंडल में लड़कियों का क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सिर्फ गढ़वा में ही होता है। बैठक में संघ के उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, सुशील केशरी, चंद्र भूषण सिन्हा, मुजीबुदीन खान, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, अनिल विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

## एफपीओ के सदस्यों, बोर्ड मेंबर्स और किसानों को प्रशिक्षण की सुविधा मिले

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के डॉ हरिचरण बेहेरा प्रोजेक्ट निर्देशक झारखंड में एफपीओ/एफपीसी की सफलता के निर्धारक तथा सतत विकास लक्ष्यों एसडीजी के लिए उनके सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय निहितार्थ अपने शोधार्थी सुमित मैत्रा, केशव सावर्ण और राहुल कुमार के साथ बांसडीह स्थित बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी का सर्वे किया। इस संस्था के साथ लगभग 1000 किसान जुड़े हुये हैं, जिन्हें 50 से 80 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज और खाद उपलब्ध करवाया जाता है। संस्थान (बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी) के सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय ने



कहा की आने वाले कुछ सालों में एफपीओ से और अधिक किसानों को जोड़ने और उनके उत्पाद खरीदने के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का भी लक्ष्य है। उन्होंने स्पष्ट किया की बेतला किसान प्रोड्यूसर लिमिटेड को देश के शीर्ष 100 एफपीओ में शामिल करने का पूरी कोशिश करेंगे। डॉ बेहेरा ने कहा कि संस्थाओं को मार्केट सर्वे करके 5 साल -10 साल का विजन बना कर वहनीयता (सस्टैनबल) बिजनेस प्लान बनाने पर बल देना चाहिये। उन्होंने कहा कि एफपीओ और किसानों के वित्तीय तथा सामाजिक स्थिति को ठीक करने के लिये संस्था को वहनीयता सहयोग पर बल देना चाहिये। साथ ही साथ एफपीओ के सदस्यों, बोर्ड मेंबर्स और किसानों को हर 3 महीनों पर आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवानी चाहिये।



## आईसीसी चेयरमैन के रूप में जय शाह ने की कार्यकाल की शुरुआत


**दुबई।** भारतीय क्रिकेट को नई ऊचाइंयों पर पहुंचाने में अहम योगदान देने के बाद जय शाह ने रविवार यानी 1 दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन के रूप में अपने कार्यकाल की शुरूआत कर दी है। वह ग्रेग बार्कले का स्थान लेंगे। बार्कले नवंबर 2020 से इस पद पर थे। जय शाह इस साल अगस्त में आईसीसी के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए थे। आईसीसी ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। आईसीसी चेयरमैन के रूप में जय शाह ने अपने पहले वक्तव्य में अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित किया, जिसमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने और महिला खेल के विकास में और तेजी लाना शामिल है। शाह ने एक बयान में कहा कि मैं आईसीसी चेयरमैन की भूमिका के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा कि यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को अधिक समावेशी और आकर्षक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व और महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में वैश्विक स्तर पर अपार संभावनाएं हैं और मैं इन अवसरों का लाभ उठाने तथा खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

## हॉकी. 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को आगामी महिला जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह प्रतियोगिता 7 से 15 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में खेली जाएगी। पिछले साल फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर अपना पहला खिताब हासिल करने के बाद गत चैंपियन के रूप में भारत बड़ी उम्मीदों के साथ इस टूर्नामेंट में उतरेगा। प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेंगी जिन्हें दो पूलों में विभाजित किया गया है। भारत को पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन और श्रीलंका शामिल हैं। भारतीय जूनियर महिला टीम की कमान ज्योति सिंह के हाथों में होगी, जबकि साक्षी राणा उप-कप्तान होंगी। निधि और अदिति माहेश्वरी के रूप में टीम में दो गोलकीपर हैं, जबकि डिफेंस की कमान मनीषा, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, पूजा साहू और ममता ओरम संभालेंगी। मिडफील्डर में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो, इशिका, रजनी केरकेट्टा, साक्षी राणा और खैदेम शिलेमा चानू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, कनिका सिवाच, मुमताज खान और लालरिनपुई अटैक का नेतृत्व करेंगी। बिनिमा धन और हिमांशी शरद गवांडे को वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है। टीम के चयन पर कोच तुषार खांडेकर ने जारी बयान में कहा कि हम महिला जूनियर एशिया कप में अपने खिताब की रक्षा के लिए उत्साहित हैं। यह एक विशेष समूह है जिसमें अनुभव और युवा प्रतिभा का शानदार संतुलन है। हमारे कई खिलाड़ी पहले ही सीनियर स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं और उनकी उपस्थिति टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होगी। हमारा ध्यान आक्रामक, अनुशासित खेल खेलने और मैच दर मैच आगे बढ़ने पर है।

## अब उज्जैन महाकाल मंदिर में क्यूआर कोड मशीन से 24 घंटे मिलेगा लड्डू प्रसाद, नड्डा ने किया शुभारंभ



# राज्य में दिन-प्रतिदिन कमजोर हो रहे भाकपा माओवादी सहित अन्य नक्सली संगठन



**रांची।** झारखंड में भाकपा माओवादी सहित अन्य नक्सली संगठन दिन-प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में झारखंड में माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। पिछले 59 महीने (चार साल 11 महीने) की बात करें तो राज्य के अलग-अलग जिलों में भाकपा माओवादी संगठन और छोटे-छोटे संगठन से जुड़े कुल 64 नक्सली मारे गये। इस दौरान 620 बड़े नक्सली गिरफ्तार भी हुए। नक्सलियों के साथ इस लड़ाई में सुरक्षाबलों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। इन चार साल 11 महीने में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में 18 जवान भी शहीद हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा नक्सल प्रभावित जिले हैं। इनमें पश्चिमी सिंहभूम को अति नक्सल प्रभावित जिले की सूची में रखा गया है जबकि शेष चार नक्सल प्रभाव वाले जिले गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिला आफ कंर्सन (डीओसी) की सूची में हैं।

### नक्सलियों के 11 दस्ते सक्रिय

■ चाईबासा जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई, अजय महतो का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 65 नक्सली कैडर शामिल हैं।

■ चाईबासा जिले के गोइलकेरा और सोनूवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 30 नक्सली कैडर शामिल हैं।

■ बोकारो जिले में विवेक और रघुनाथ का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 23 नक्सली कैडर शामिल हैं।

■ लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में रविंद्र गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में पांच नक्सली कैडर शामिल हैं।

■ चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में मनोहर गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में तीन नक्सली कैडर शामिल हैं।

■ पलामू जिले के मोहम्मदगंज और हैदरनगर थाना क्षेत्र में नितेश यादव का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में छह नक्सली कैडर शामिल हैं।

### टीपीसी, जेजेएमपी और पीएलएफआई पुलिस के रडार पर

टीपीसी, जेजेएमपी और पीएलएफआई झारखंड पुलिस के रडार पर हैं। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को बताया कि झारखंड में नक्सलवाद की समस्या 95 प्रतिशत खत्म हो चुकी है। फिलहाल, हमारे लिए नक्सलियों के छोटे संगठन (स्प्लिंटर ग्रुप) का सफाया करना बेहद जरूरी है। झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीने के दौरान नक्सलियों के स्प्लिंटर ग्रुप के जरिये कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। छोटे-छोटे समूह में तब्दील होकर स्प्लिंटर ग्रुप आगजनी के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉल कर कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रहे हैं।
डीजीपी ने बताया कि कुछ आपराधिक गिरोह के साथ-साथ टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और भाकपा माओवादियों के छोटे ग्रुप एक्टिव हैं। ऐसे नक्सलियों के जरिये कुछ घटनाओं को जरूर अंजाम दिया गया है लेकिन पिछले एक साल के दौरान उनके संगठन के अधिकांश बड़े उग्रवादी या तो मारे गए या फिर पकड़े गए लेकिन इन संगठनों के कुछ स्प्लिंटर ग्रुप बचे हुए हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। स्प्लिंटर ग्रुप में शामिल नक्सली छोटे हथियार के साथ सिविल ड्रेस में वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे नक्सलियों की लिस्ट तैयार की गई है। साथ ही उनके समर्थकों को भी चिह्नित किया गया है, जो उनके लिए मोबाइल सहित दूसरे समान उपलब्ध करवाते हैं। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह एक टीम बनाकर ऐसे स्प्लिंटर्स ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई करें। खासकर पलामू आईजी को कड़ा निर्देश जारी किया गया है कि न सिर्फ कार्रवाई करें, बल्कि फरार उग्रवादियों और अपराधियों के खिलाफ जमकर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करें।

## अगले दो माह में तीन आईपीएस होंगे सेवानिवृत



**रांची।** राज्य में अगले दो महीनों के दौरान झारखंड पुलिस के तीन डीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत होंगे। इनमें तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह एवं एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर होंगे। साथ ही नये साल के पहले दिन एक जनवरी, 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे। इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। दूसरी ओर, झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय भटनागर शनिवार (30 नवंबर) को सेवानिवृत हो गये। अजय भटनागर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

**Hit लिस्ट**

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** साल के आखिरी महीने के पहले दिन कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के रेट एक बार फिर बढ़ गए हैं। तेल कंपनियों ने 01 दिसंबर से 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 16.50 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। 19 किलो वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की दिल्ली में अब कीमत 1818.50 रुपये हो गई है। यह लगातार 5वां महीना है, जिसमें एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। राहत की बात है कि घरेलू रसोई गैस की कीमतों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में लगभग 100 की कटौती की गई थी। उसके बाद से इसके दाम स्थिर बने हुए हैं। दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर की कीमत इस समय 803.00, कोलकाता में 829.00 रुपये, मुंबई में 802.50 और चेन्नई में यह 818.50 रुपये में मिल रहा है। उज्ज्वला के लाभार्थियों को इस सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी मिलती है।

## तेलंगाना में सात नक्सली मारे गए

**वारंगल।** तेलंगाना के मुलुगु जिले के एतुरु नगरम के चलपाका वनक्षेत्र में रविवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों में संगठन का शीर्ष कमांडर भद्रू अलियास पपन्ना भी शामिल है लेकिन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक आज सुबह मुलुगु जिले के एतुरु नगरम के चलपाका वन क्षेत्र में मुठभेड़ हुई जिसमें सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच घंटों गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तेलंगाना ग्राउंड और माओवादी विरोधी दस्ते ने मिलकर यह ऑपरेशन चलाया है।

### जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट, शिवम व सक्षम बने मैन ऑफ द मैच

# रांची ने गढ़वा को 137 रनों से हराया

**कोडरमा।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच रविवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में रांची और गढ़वा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने निर्धारित 40 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 297 रन बनाए। रांची की ओर से शिवम झा ने 80 रन, सक्षम ने 77 रन और अभिषेक ने 72 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए गढ़वा की ओर से अर्पित में दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी गढ़वा की टीम 38.2 ओवर में 160 रन ही बना सकी, जिसमें अर्पित ने 65 रन और नीतीश ने 39 रन का




योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए रांची की ओर से आरव सिन्हा ने चार विकेट, सक्षम ने दो विकेट, करण, जयेश और अतुल ने एक-एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए शिवम झा और सक्षम को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच में जेएससीए ऑब्जर्वर पप्पू सिंह, अंपायर हेमंत ठाकुर, अमित हाजरा, स्कोरर गजेंद्र कुमार, केडीसीए के अमरजीत सिंह छाबड़ा, दिनेश सिंह, अनिल सिंह, सुनील जैन, सुमन कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, विशाल प्रसाद, अमित जायसवाल, अशोक यादव, सूरज पासवान उपस्थित थे।

## माता जननी देवी का दर्शन कर मुंबई लौटे सीएम शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार को सातारा में अपनी कुलदेवी माता जननी देवी का दर्शन कर-के मुंबई लौट आये हैं। वह आज शाम को भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और राकांपा (एपी) के अध्यक्ष अजीत पवार के साथ बैठकर भावी मंत्री समूह के बारे में चर्चा करेंगे। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे थकान महसूस होने के बाद सातारा स्थित अपने मूल गांव दरे गांव में चले गए थे। शनिवार को एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़



गई थी। उन्हें तेज बुखार था, इसलिए डॉक्टरों की टीम ने मेडिकल जांच के बाद उन्हें आराम करने की सलाह दी थी। शिंदे की तबीयत बिगड़ने की खबर लगते ही भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने आज फोन पर एकनाथ शिंदे से संपर्क करके उनकी तबीयत के बारे में पूछताछ की थी। इसके बाद शिंदे दरे गांव में स्थित माता जननी देवी का भी दर्शन किया। इसके बाद शिंदे ने सातारा में पत्रकारों को बताया कि जनता ने एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत देकर विश्वास व्यक्त किया है। अब हम जनता को क्या देंगे, यह महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के निर्णय का हमने पहले ही समर्थन किया है। इसके बाद शिंदे सातारा से मुंबई आ गए हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)